हिंदी पखवाड़ा एवं हिंदी दिवस समारोह पर रिपोर्ट

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर द्वारा 01 से 14 सितंबर 2018 के दौरान संस्थान निदेशक के मार्गदर्शन में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। संस्थान कर्मियों के लिए 'निबंध प्रतियोगिता' दिनांक 10.09.2018 को आयोजित की गई, जिसमें प्रथम – श्रीमती सुप्रियारानी मोहंती, द्वितीय – श्री निहार रंजन पांडा एवं तृतीय – सुचित्रा जेना रही| 'आशुभाषण प्रतियोगिता' दिनांक 11.09.2018 को आयोजित की गई जिसमें प्रथम – डॉ. निहार रंजन पांडा, द्वितीय – श्री सत्यब्रत घोष एवं तृतीय – श्री तरपदा दे रहे| 'श्रुति लेखन' पर कार्यशाला दिनांक 12.09.2018 को आयोजित की गयी थी|

दिनांक 08 सितंबर को संस्थान छात्रों के लिए "रचनात्मक लेखन" एंव "बस ये पल" नामक प्रतियोगिता का आयोजन छात्र जिमखाना की साहित्य समिति "अभिव्यक्ति", के सहयोग किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 40 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। रचनात्मक लेखन में प्रथम - रिंकू मीणा, द्वितीय - कौशिक गुप्ता, तृतीय - प्रिया रही एवं बस यह पल में प्रथम - लोकेश सैनी, द्वितीय - अभिषेक नेगी, तृतीय – प्रिया रही|

संस्थान राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है और इस उद्देश्य के पूर्ति हेतु संस्थान ने दिनांक 09 सितंबर 2018 को अंतर-संस्थान स्तर पर हिंदी 'वाद-विवाद' एवं 'आवाज़ दिल' की प्रतियोगिता का आयोजन किया ताकि राजभाषा के प्रचार-प्रसार को एक नई दिशा मिल सके। प्रतियोगिता में संस्थान के 30 से अधिक छात्रों सहित शहर के प्रतिष्ठित कॉलेजों के 45 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। वाद – विवाद प्रतियोगिता में प्रथम – भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर (कौशिक गुप्ता, विनोद मीणा, हर्षवर्धन मीणा ,पार्थ शर्मा), द्वितीय – गाँधी इंजीनियरिंग कॉलेज, भुवनेश्वर (विकास कुमार, सुजीत कुमार ठाकुर, अमित कुमार महतो, राजशेखर वर्मा) एवं तृतीय – गाँधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट, भुवनेश्वर (अभिनव, आदित्य, रौनक, श्रुति, रिया) को प्राप्त हुआ| आवाज दिल की प्रतियोगिता में प्रथम - कौशिक गुप्ता (IIT BBS), द्वितीय - अभिषेक नेगी (IIT BBS), तृतीय - भुवनेश कुमार प्रधान (GITA) एवं सांत्वना - आशुतोष कुमार (KIIT) रहे|

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में डॉ. राजन झा, डॉ. अंकुर गुप्ता, डॉ. तबरेज़ खान एवं डॉ. राज कुमार सिंह उपस्थित थे। संपूर्ण कार्यक्रम का समन्वयन अभिव्यक्ति टीम ने प्राध्यापक प्रभारी, राजभाषा एकक के संरक्षण में किया।

14.09.2018 को हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विधिवत् रूप से अतिथियों का पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत से हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री देबराज रथ, कार्यवाहक रजिस्ट्रार, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर थे | डॉ. राज कुमार सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए राजभाषा के इतिहासिक पहलुओं को उजागर करते हुए राजभाषा

की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं माननीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह जी का सन्देश पढ़ कर सुनाया, तत्पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया| मुख्य अतिथि श्री देबराज रथ ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और अपने संबोधन में छात्रों जागरूक रहने और इंजीनियरिंग के अलवा साहित्य और कलात्मकता में आगे होने पर बधाई दी| कार्यक्रम में प्राध्यापक प्रभारी (राजभाषा) ने निदेशक महोदय को मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग हेतू धन्यवाद दिया एवं रजिस्ट्रार और उनके कार्यालय ले मिली सहयोग हेतू धन्यवाद दिया| कार्यक्रम का समापन श्रीमती सुहाना परवीन के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ|

हिंदी पखवाड़ा के कार्यक्रम, समापन एवं हिंदी दिवस समारोह की झाँकी